ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 20-07-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-07-20 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-07-21	2021-07-22	2021-07-23	2021-07-24	2021-07-25
वर्षा (मिमी)	25.0	20.0	25.0	15.0	15.0
अधिकतम तापमान(से.)	19.0	20.0	22.0	22.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	15.0	15.0	16.0	16.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	65	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	8.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	120	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	6	8	5	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 19.0 से 22.0 व 15.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 25 से 31 जुलाई के दौरान राज्य में वर्षासामान्य से अधिक तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः आगामी 20 से 22 जुलाई को, कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा तथा 20 जुलाई को गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। आगामी 20 से 22 जुलाई को, कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	पिछले माह बोई गई जेठी धान की फसल में निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें। वर्षा के पश्चात् अथवा मिट्टी में उपयुक्त नमी होने पर चेतकी/जेठी धान में 1.25 किग्रा यूरिया प्रति नाली की दर से टॉप ड्रेसिंग करें।
मक्का	आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए, मक्का की फसल में सिंचाई न करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आलू	कीट/ रोग प्रभावित आलू को भंडारण नहीं करना चाहिए। आलू को भंडारण करने से पहले मैलाथियान 10 मिली प्रति लीटर पानी की दर से भंडार गृह मे छिड़काव कर कीटाणुरहित करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	अधिक दुधारु पशुओं को ब्याने के 24 घंटे पहले कैल्शियम क्लोराइड नामक जेल दवा लगभग 200 मिली मात्रा में देनी चाहिए। इसे ब्याने वाले दिन तथा ब्याने के बाद भी दें, ताकि पशु को दुग्ध ज्वर नामक बीमारी न हो।
बकरा	यदि पशुओं को अभी तक एफएमडी, गलाघोंटू बीमारी, लंगडा बुखार, एंटरोटॉक्सिमिया, आफरा आदि, यह इस समय अवश्य करना चाहिए। वयस्क भेड़ और बकरी को आफरा के खिलाफ टीका लगाया जाना चाहिए|